बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट प्रखण्ड में BSDC, गायघाट KYP code 09010045 एजेंसी M/s Orion Security Solutions Pvt.Ltd. के द्वारा संचालित है । जिला कौशल प्रबंधक, मुजफ्फरपुर के द्वारा विभिन्न तिथियों को BSDC, गायघाट, KYP code 09010045 का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के पश्चात बिहार कौशल विकास मिशन को अपना प्रतिवेदन भेजा गया । दिनांक–25.4.2018 को District Skills Manager के निरीक्षण के क्रम में BSDC, गायघाट(मुजफ्फरपुर) में 10 कंप्यूटर, 13 हेड फोन तथा 3 माउस खराब पाये गये । इसी प्रकार जिला कौशल प्रबंधक के दिनांक–14.5.2018 के निरीक्षण में 10 कंप्यूटर तथा 7 हेडफोन खराब पाये गये, जबकि दिनांक–5.7.2018 के निरीक्षण में इस केन्द्र पर 6 कंप्यूटर तथा 7 हेड फोन, Online UPS तथा Inverter खराब पाये गये, जिसके कारण एजेंसी से बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–1432 दिनांक–6.9.2018 के द्वारा स्पष्टीकरण की माँग की गयी ।

पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में एजेंसी M/s Orion Security Solutions Pvt.Ltd. के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया, जिसमें उनके द्वारा कहा गया कि Voltage fluctuation के कारण उनके BSDC, गायघाट केन्द्र पर समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसका निराकरण कर लिया गया है तथा वर्तमान में सभी कंप्यूटर,माउस,हेड फोन क्रियाशील हैं तथा उचित तरीके से कार्य कर रहे हैं । स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि उन्होंने UPS की समस्या का भी निराकरण कर लिया है तथा भविष्य में इस केन्द्र को सुचारू रूप से चलाये जाने का आश्वासन देते हुए केन्द्र का निरीक्षण करा लिये जाने का अनुरोध किया गया ।

एजेंसी से प्राप्त स्पष्टीकरण के आलोक में दिनांक–11.10.2018 को District Skills Manager मुजफ्फरपुर के द्वारा पुनः BSDC, गायघाट का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के क्रम में इस केन्द्र पर 3 कंप्यूटर तथा 3 हेडफोन खराब पाये गये । District Skills Manager के निरीक्षण के क्रम में इस केन्द्र पर एक Learning facilitator अनुपस्थित पाये गये तथा प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा यह शिकायत की गयी कि Learning facilitator की अनुपस्थिति के कारण इस केन्द्र पर क्लास रूम का सत्र बाधित है ।

एजेंसी M/s Orion Security Solutions Pvt.Ltd. के द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है । उनके द्वारा स्पष्टीकरण निर्गत होने के पश्चात भी अपने केन्द्र संचालन की प्रक्रिया में वांछित सुधार नहीं किया गया तथा माह अक्टूबर में भी District Skills Manager के निरीक्षण के क्रम में BSDC, गायघाट पर 3 कंप्यूटर सिस्टम तथा 3 हेडफोन खराब पाये गये, जिससे यह प्रमाणित होता है कि उनके द्वारा BSDC, गायघाट का संचालन बिहार कौशल विकास मिशन के निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है ।

अतः एजेंसी से प्राप्त स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उनके BSDC, गायघाट के जुलाई बैच के Final Invoice से 30% तथा माह अक्टूबर बैच के Final Invoice से 30 % की राशि की कटौती की जाती है । उन्हें यह भी चेतावनी निर्गत की

जाती है कि भविष्य में निरीक्षण क्रम में यदि उनके केन्द्र संचालन में त्रुटियाँ पायी जाती है तो एजेंसी के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है ।

ह0/-
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक-BSDM/SDM-10/2017(खण्ड-1)- 1602 पटना,दिनांक- 15/11/2018

प्रतिलिपि- (1) M/s Orion Security Solutions,Pvt.Ltd. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(2) जिला पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/ जिला नियोजन पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/ District Skills Manager, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(3) मिशन निदेशक/ प्रशासी पदाधिकारी/मिशन प्रबंधक, कार्यक्रम क्रियान्वयन/मिशन प्रबंधक, वित्त, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। मिशन प्रबंधक, वित को आदेश दिया जाता है कि वे M/s Orion Security Solutions,Pvt.Ltd. के BSDC, गायघाट(मुजफ्फरपुर),KYP code 09010045 के माह जुलाई, 2018 बैच के Final Invoice से 30% की राशि तथा माह अक्टूबर के Final Invoice से 30% की राशि कटौती करना सुनिश्चित करें ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,SPMU(E&Y)/SPMU Incharge, मुजफ्फरपुर/श्री रत्नदीप सिंह, प्रबंधक, MIS & M&D को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित । निदेश दिया जाता है कि इस आदेश को बिहार कौशल विकास मिशन के Web portal पर Upload करना/ कराना सुनिश्चित करें ।

15/11/18

प्रधान सचिव-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
बिहार कौशल विकास मिशन ।